प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

आईपीएल मैच–स्थल बदलाव

इंडियन प्रीमियर लीग 20–20 में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच रविवार को धर्मशाला में निर्धारित मैच अब अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। बी सी सी आई सचिव देवजीत सैकिया के आधिकारिक बयान में कहा गया है कि आयोजन संबंधी दिक्कतों के कारण मैच का स्थान बदला गया है।

इससे पहले कल शाम धर्मशाला स्थित क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स और डेल्ही कैपिटल्स के बीच आईपीएल मैच एहतियात के तौर पर रद्द कर दिया गया। आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने इसकी घोषणा की। स्टेडियम की फ्लडलाइट बंद किए जाने तक पंजाब किंग्स ने 10 ओवर और एक गेंद में 1 विकेट पर 122 रन बनाए थे।

जागरूकता कार्यक्रम

केंद्रीय विद्यालय रिकांगपिओ में पोक्सो एक्ट को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को गुड़िया हैल्पलाइन और प्रत्येक पुलिस थाने में मौजूद चाइल्ड वेलफेयर पुलिस अधिकारी के बारे में जानकारी भी दी गई।

बैठक

कुल्लू जिला के निरमंड उपमंडल में विकास कार्यों व कल्याणकारी योजनाओं के सफल कार्यान्वयन को लेकर उपायुक्त तोरूल एस रवीश की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यों में पेश आ रही समस्याओं और कार्यों के लंबित होने के कारणों पर अधिकारियों से फीड बैक ली।

पाक मिसाइलें–जम्मू

भारतीय सशस्त्र बलों ने कल रात ड्रोन और मिसाइलों से देश के उत्तरी और पश्चिमी शहरों को निशाना बनाने के पाकिस्तान के सभी प्रयासों को विफल कर दिया। पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर कई बार संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। भारतीय सेना ने जोर देकर कहा है कि वह देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और सभी नापाक मंसूबों का बलपूर्वक जवाब दिया जाएगा।

मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ के अनुसार, पाकिस्तान ने जम्मू, पठानकोट और उधमपुर में सैन्य स्टेशनों और अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास के स्थानों को भी निशाना बनाने का प्रयास किया। हालाँकि, भारतीय सशस्त्र बलों ने हमले को सफलतापूर्वक विफल कर दिया, और किसी भी जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चोपड़ा ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के विरूद्ध भ्रामक दुष्प्रचार का अभियान शुरू किया है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए केवल आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें।

हिमाचल सुरक्षा

इस बीच पाकिस्तान द्वारा जम्मू कश्मीर सहित देश के कई हिस्सों में किए गए हमलों को देखते हुए हिमाचल प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जम्मू और पंजाब सीमा से लगते संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य में पर्यटन व धार्मिक स्थलों, पन बिजली परियोजनाओं और सीमावर्ती क्षेत्रों को अर्लट पर रखा गया है। कल देर रात उना व बिलासपुर जिलो सहित कांगड़ा जिला के नुरपूर व ज्वाली में उपायुक्तों ने ब्लैक आउट को लेकर एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों को पूर्ण ब्लैक आउट यानी घरों की लाइटें पूरी तरह बंद रखने और घरों में ही सुरक्षित रहने को कहा गया है। उना जिला के उपायुक्त जतिन लाल ने आज जिले के सभी सरकारी व निजी शिक्षण संस्थान बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। इस बीच शिमला जिला के जुब्बड़हटटी, कांगड़ा जिला के गग्गल और कुल्लू जिला के भुंतर हवाई अडडों को फिलहाल बंद कर दिया गया है।

पुरस्कार

हिमाचल प्रदेश को अधोसंरचना विकास और सड़क सुरक्षा में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। लोक निर्माण विभाग के सचिव व अधोसंरचना विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अभिषेक जैन ने कल शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को सम्मान में प्राप्त हुई दो ट्रॉफियां भेंट की। हाल ही में मौरकौ के माराकेच में प्रतिष्ठित–2024 आई आर ए पी गैरी लिडल मैमोरियल ट्रॉफी में शाइनिंग स्टार से सम्मानित किया गया है। शिमला स्मार्ट सिटी हिमाचल की लिमिटेड को ढली सुरंग और सुरंग के बाहर रोटरी जक्शन के निर्माण के लिए शहरी गतिशीलता में नवाचार श्रेणी के तहत स्मार्ट सिटीज इंडिया अवार्ड–2025 से सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे शिमला शहर के लोगों को सामने आने वाली समस्याओं के समाधान में इसी प्रतिबद्धता के साथ काम जारी रखेंगे। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और हाल ही के समय में सड़क हादसों व मृत्यु दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से......

आज समाचार पत्रों ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद हिमाचल में बढ़ाई गई सुरक्षा से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है हिमाचल में हाई अलर्ट, जम्मू–कश्मीर व पंजाब से सटे क्षेत्रों में ब्लैक आउट, ऊना में स्कूल बंद। दैनिक भास्कर ने लिखा है धर्मशाला में मैच रोका, अगला अहमदाबाद में शिफट, मेडिकल स्टाफ की छुटिटयां रोंकीं। दैनिक जागरण के शब्द हैं चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की लंबी छुटिटयों पर रोक। आपका फैसला के शब्द हैं हिमाचल में तिब्बत बॉर्डर से पंजाब व जम्मू–कश्मीर सीमा तक बढ़ाई सुरक्षा।

पंजाब केसरी के अनुसार हिमाचल की जनता को एक और झटका, बस किराए में 15 प्रतिशत की बढ़ौत्तरी।

100 सरकारी स्कूलों में अब सी बी एस ई सिस्टम शीर्षक से दिव्य हिमाचल ने लिखा है मुख्यमंत्री सुक्खू प्रतियोगी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए उठाएंगे नया कदम।

मौसम की खबर को हिमाचल दस्तक ने शीर्षक दिया है पहाड़ी क्षेत्रों पर आंधी के साथ बारिश, शिमला, कुल्लू, मंडी, सिरमौर व चंबा में बरसे बादल। आपका फैसला ने लिखा है हिमाचल में एक सप्ताह में सामान्य से 27 फीसदी अधिक बरसे बादल।